# POLICE COMMISSIONERATE

# GAUTAM BUDH NAGAR

## सराहनीय कार्य/ प्रेस विज्ञप्ति - दिनाकं 26.02.2023

**1-थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15,000 का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस बरामद।**

दिनांक 26.02.2023 को थाना फेस-2 नोएडा पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 15,000 का इनामी अभियुक्त पुष्पेन्द्र उर्फ भूरा पुत्र बीरपाल निवासी ग्राम दमगढ़ी, थाना गोंडा, जिला अलीगढ़ को थाना क्षेत्र के जैविक पार्क, सेक्टर-82 से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद किया गया है।

अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल नोएडा द्वारा 15,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था, अभियुक्त एनसीआर क्षेत्र में आये दिन अपराध कारित करता है एवं अभियुक्त थाना फेस-2 के मु0अ0सं0-526/22 धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट का वांछित अपराधी था।

**अभियुक्त का विवरणः**

पुष्पेन्द्र उर्फ भूरा पुत्र बीरपाल निवासी ग्राम दमगढ़ी, थाना गोंडा, जिला अलीगढ़।

**पंजीकृत अभियोग/आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1.मु0अ0सं0-526/22 धारा 2/3 गैगेस्टर एक्ट थाना फेस 2 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर

2.मु0अ0सं0 0110/2023 धारा 03/25 आर्म्स एक्ट थाना फेस 2 नोएडा जनपद गौतमबुद्धनगर

3.मु0अ0सं0 309/22 धारा 379/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।

4.मु0अ0सं0 315/2022 धारा 380/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।

5.मु0अ0सं0 320/22 धारा 379/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।

6.मु0अ0सं0 328/22 धारा 379/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर

7.मु0अ0सं0 330/22 धारा 380/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर

8.मु0अ0सं0 332/22 धारा 379/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर

9.मु0अ0सं0 333/22 धारा 379/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर

10.मु0अ0सं0 334/22 धारा 379/411 भादवि थाना फेस-2,गौतमबुद्धनगर

11.मु0अ0सं0 336/22 धारा 420/482/413/414/411 भादवि थाना फेस-2, गौतमबुद्धनगर।

**बरामदगी का विवरणः**

01 अवैध तमंचा .315 बोर मय 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर।

**2- थाना जेवर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10,000 रूपये का इनामी अभियुक्त गिरफ्तार।**

दिनांक 26/02/2023 को थाना जेवर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट में वांछित 10,000 रूपये का इनामी अभियुक्त नीटू उर्फ नीरज पुत्र सुखवीर सिंह निवासी ग्राम हामिदपुर, थाना टप्पल, जिला अलीगढ़ को थाना क्षेत्र के आकाश ढाबा के सामने हामिदपुर की तरफ जाने वाले सडक के किनारे से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त थाना जेवर पर पजींकृत मु0अ0सं0 488/2022 धारा 2(b)(i)/3 गैंगस्टर एक्ट में वांछित चल रहा था एवं इसकी गिरफ्तारी पर 10,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

**अभियुक्त का विवरणः**

नीटू उर्फ नीरज पुत्र सुखवीर सिंह निवासी ग्राम हामिदपुर, थाना टप्पल, जिला अलीगढ़।

**आपराधिक इतिहास का विवरणः**

1.मु0अ0सं0 488/2022 धारा 2(b)(i)/3 गैंगस्टर एक्ट थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर।

2.मु0अ0सं0 09/2022 धारा 60/63/72 आबकारी अधि0 थाना जेवर, गौतमबुद्धनगर।

**#माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में उपनिरीक्षक ना0पु0, प्लाटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।**

<u>गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर, कमिश्नरेट गाजियाबाद, जनपद बुलंदशहर से उपनिरीक्षक ना0पु0 एवं समकक्ष पदों पर चयनित कुल 687 अभ्यर्थियों को मुख्य अतिथि श्रीमति लक्ष्मी सिंह पुलिस, कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा नियुक्ति पत्र वितरित किए गये।</u>

माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में उपनिरीक्षक ना0पु0, प्लाटून कमांडर पीएसी एवं अग्निशमन द्वितीय अधिकारी के पद पर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इसी क्रम में आज दिनांक 26/02/2023 को मुख्य अतिथि श्रीमति लक्ष्मी सिंह पुलिस, कमिश्नर गौतमबुद्धनगर द्वारा गौतमबुद्ध यूनिवर्सिटी में आयोजित कार्यक्रम में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से चयनित कुल 125 अभ्यर्थी, कमिश्नरेट गाजियाबाद से चयनित 263 , जनपद बुलंदशहर से चयनित 299 अभ्यर्थियों, कुल 687 अभ्यर्थियों को उपनिरीक्षक ना0पु0 एवं समकक्ष पदों पर चयनित होने पर नियुक्ति पत्र वितरित किए गये।

नियुक्ति पत्र वितरित करने के उपरांत पुलिस कमिश्नर श्रीमती लक्ष्मी सिंह द्वारा समस्त उपयुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई, साथ ही सभी अभ्यर्थियों को ईमानदारी के साथ कर्तव्य और दायित्व का निर्वहन करने, निस्वार्थ भाव से जन सेवा करने, विभाग का मान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। उनके द्वारा युवाओं को भी संदेश देते हुए कड़ी मेहनत करने, नियम बनाकर पढ़ाई करने व मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने हेतु बताया गया जिससे वह अपने साथ-साथ अपने परिवार का भी नाम रोशन कर सके और समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण बन सके।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से कुल 103 पुरुष अभ्यर्थी, 16 महिला अभ्यर्थी, प्लाटून कमांडर पीएसी के पद पर 06 अभ्यर्थी (कुल 125 अभ्यर्थी) चिकित्सा परीक्षण एवं चरित्र सत्यापन में उपयुक्त पाए गए है।

कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर से 05 अभ्यर्थियों को माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान संस्थान, लखनऊ में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में नियुक्ति पत्र वितरित किए गए।

चयनित सभी अभ्यर्थियों का आधारभूत प्रशिक्षण दिनांक 13.03.2023 से संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों में कराया जाना प्रस्तावित है।

इस अवसर पर माननीय दादरी विधायक श्री तेजपाल सिंह नागर, माननीय डिस्ट्रिक्ट जज गौतमबुद्धनगर श्री अवनीश सक्सेना, वाइस चांसलर गौतमबुद्धनगर यूनिवर्सिटी श्री रविन्द्र कुमार सिन्हा, जिला पंचायत अध्यक्ष गौतमबुद्धनगर श्री अमित चौधरी, अपर पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था श्री रवि शंकर छवि, अपर पुलिस आयुक्त मुख्यालय श्रीमती भारती सिंह व अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**#थाना सेक्टर-49 नोएडा पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर आबकारी अधिनियम के 159 मुकदमों से संबंधित 34,995 लीटर अवैध शराब(कीमत करीब 1,22,48,250 रुपए) नष्ट की गई।**

पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर श्रीमती लक्ष्मी सिंह के निर्देशानुसार पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के अन्तर्गत थानों पर लंबित पड़े माल के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त नोएडा/अपर पुलिस उपायुक्त नोएडा के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 25/02/2023 को थाना सेक्टर-49 नोएडा पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय से अनुमति प्राप्त कर आबकारी अधिनियम के 159 मुकदमों से संबंधित वर्ष 2019, वर्ष 2020, वर्ष 2021 की कुल 34,995 लीटर अवैध शराब(कीमत करीब 1,22,48,250 रुपए) नष्ट की गई। एसीपी-3, नोएडा जोन व थाना प्रभारी सेक्टर-49 की उपस्थिति में उक्त अवैध शराब को जेसीबी के द्वारा शराब की बोतलों को तोड़कर मलबा को गड्ढा खोदकर नष्ट किया गया।